## महत्वपूर्ण एवं खास

### वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन 22 अगस्त

**रायगढ़।** भारतीय डाक विभाग सदैव से ही अपने ग्राहकों को उच्च स्तर की सेवाये प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है फिर भी कई बार कुछ कारणवश डाक सेवाओ में कमियां रह जाती हैं, जिसकी विभाग को शिकायतें मिलती रहती हैं। जिनका त्वरित निपटान करने का प्रयास किया जाता हैए साथ ही शिकायतों के निपटान हेतु डाक अदालत का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में भारतीय डाक विभाग के रायगढ़ संभाग द्वारा 22 अगस्त 2024 को प्रात: 11 बजे कार्यालय अधीक्षक डाकघर, कोतरा रोड कॉमर्स कॉलेज के पास रायगढ़ में वर्चुअल डाक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विभागीय अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं से काउंटर सेवा, बचत बैंक, मनी आर्डर, स्पीड पोस्ट, डाक जीवन बीमा इत्यादि में आने वाली समस्याओं को लेकर चर्चा की जाएगी। इच्छुक उपभोक्ता डाक सेवा से संबंधित अपनी शिकायत पूर्ण विवरण शिकायतकर्ता का नाम, पता, मोबाइल नंबर के साथ अधीक्षक डाकघर, रायगढ़ संभाग रायगढ़, कोतरा रोड कॉमर्स कॉलेज के पास 22 अगस्त तक भेज सकते हैं।

### जिले में 724.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 21 अगस्त तक 724.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 1.7 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 879.3 मिली मीटर, पुसौर में 835.4, खरसिया में 706.3, घरघोड़ा में 710, तमनार में 675.7, लैलूंगा में 650.8, मुकडेगा में 666.2, धरमजयगढ़ में 592.9 छाल में 704.9 एवं कापू में 824 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका भर्ती का अंतिम प्रकाशन और नियुक्ति पत्र जारी

**सारंगढ़ नगरपालिका के जूनाडीह, विशालपुर आदि की है भर्ती**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सारंगढ़ के अधीन नगरपालिका क्षेत्र सारंगढ़ के वार्ड 11/4 आंगनबाड़ी केंद्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद, वार्ड 5 विशालपुर, वार्ड 10 जूनाडीह, वार्ड 5/3 और वार्ड 11/4 के सहायिका पद की भर्ती का अनंतिम मूल्यांकन पत्रक प्रकाशन उपरांत प्राप्त दावा आपत्तियों का निराकरण मूल्यांकन समिति द्वारा किया जाकर अंतिम मूल्यांकन पत्रक तैयार किया गया है। अंतिम मूल्यांकन पत्रक में प्रथम वरीयता प्राप्त आवेदिकाओं को नियुक्ति आदेश जारी किया गया है।

### खराब ईवीएम मशीनों को स्कैनिंग करने के लिए 22 अगस्त को खोला जाएगा वेयरहाउस

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के वास्तविक मतदान के दौरान खराब हुए ईवीएम मशीनों को स्कैन कर संग्रहणकर्ता जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी कार्यालय दुर्ग भेजने के निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर के द्वारा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सारंगढ़ बिलाईगढ़ को प्राप्त हुए हैं, जिसके लिए कृषि उपज मंडी सारंगढ़ के वेयरहाउस में 22 अगस्त 2024 को सुबह 11 बजे खराब मशीनों का स्कैनिंग कार्य किया जाएगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल के अध्यक्ष को संबोधित करते हुए पत्र लिख कर उपस्थित होने के लिए आग्रह किया है।

# सिंगल विंडो सिस्टम से उद्योगों से जुड़ी सुविधाओं का अब एक ही प्लेटफार्म पर मिलेगा लाभ- कलेक्टर कार्तिकेया गोयल

- कलेक्टर कार्तिकेया ने जिले के उद्यमियों से कहा आयात निर्यात प्रोत्साहन योजनाओं का उठाएं लाभ
- सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 के संबंध में कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई कार्यशाला में दी गई जानकारी



**रायगढ़**

जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ द्वारा कलेक्ट्रेट में सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 को लेकर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें जिले के उद्यमियों को सिंगल विंडो सिस्टम के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल भी कार्यशाला में शामिल हुए। उन्होंने उद्यमियों से कहा कि प्रदेश में उद्यमियों के सेवा सुलभता के लिए एक सिंगल प्लेटफार्म लॉन्च किया गया है। उन्होंने कहा कि यह उद्यमियों के लिए सुविधाजनक होगा। इससे एक ही जगह पर आवेदक अपने आवेदन से जुड़ी अनुमति, लाइसेंस, क्लियरेंस आदि से संबंधित सुविधाएं प्राप्त कर सकेगा।

उन्होंने उद्यमियों को आयात निर्यात से जुड़ी योजनाओं का लाभ लेकर अपना व्यापार विस्तार की बात कही। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा स्थानीय उत्पादकों और उद्यमियों को विदेश में निर्यात प्रोत्साहन देने के लिए एग्जिबिशन के माध्यम से अपने प्रोडक्ट डिस्प्ले का मौका दिया जाता है। इसके लिए कई प्रकार की रियायतें भी दी जाती हैं। रायगढ़ प्रदेश का प्रमुख औद्योगिक जिला है। यहां के उद्यमियों को आयात निर्यात योजनाओं का लाभ अवश्य लेना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने पोर्टल में हेल्प डेस्क, शिकायत निवारण ट्रैकिंग मैकेनिज्म, स्थायी प्रकृति के दस्तावेजों के एक बार अपलोड किए जाने की सुविधा एनआईसी के माध्यम से उपलब्ध कराये जाने का सुझाव उद्योग विभाग के अधिकारियों को दिए।

कार्यशाला में अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 ऑनलाइन पोर्टल का शुभारंभ किया है। जहां उद्योगों से संबंधित 16 विभाग की 90 से अधिक सेवाएं सिंगल प्लेटफार्म में लॉग इन करके जिनका लाभ लिया जा सकता है। कार्यशाला में इन संबंधित विभागों के अधिकारियों ने अपने विभाग से जुड़ी सेवाओं का सिंगल विंडो सिस्टम के माध्यम से लाभ लिए जाने की प्रक्रिया के बारे में बताया गया।

कार्यशाला में मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र संजीव सुखदेवे, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र रायगढ़ प्रबंधक अंजू नायक, सहायक आयुक्त आबकारी रामकृष्ण मिश्रा, पर्यावरण अधिकारी अंकुर साहू, उप संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा मनीष श्रीवास्तव, नरेश शर्मा, जिला सेनानी नगर सेना बी.एस.कुजूर, नगर तथा ग्राम निवेश सुदर्शन साहू, के.एस.कंवर, भू-अभिलेख शिवांगी महार, जल संसाधन विभाग कैलाश पैकरा, छ.ग.राज्य विद्युत वितरण कंपनी रोशन कुमार पटेल सहित जिले के उद्यमी और औद्योगिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया-** सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 में रजिस्ट्रेशन के लिए http://cg.industries.gov.in वेबसाइट में जाकर पंजीयन करना होगा। नए उपयोगकर्ता सिंगल विंडो सिस्टम के द्वारा आवेदन हेतु सर्व प्रथम नए उपयोगकर्ता पोर्टल में पंजीयन कर यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकते है। लॉगिन के पश्चात् उपयोगकर्ता को अपने यूनिट/व्यवसाय का पंजीयन कर उद्यम आकांक्षा क्रमांक प्राप्त करना होगा।

इसी प्रकार सिंगल विंडो सिस्टम 1.0 में पूर्व में पंजीकृत उपयोगकर्ता अपने पुराने यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकते है। लॉगिन के समय उपयोगकर्ता को पासवर्ड रिसेट करना अनिवार्य है। लॉगिन के पश्चात् यूनिट/व्यवसाय कि जानकारी प्रदर्शित कि जाती है। यूनिट/व्यवसाय चुन कर डैशबोर्ड पर आ सकते है। पहली बार इस डैशबोर्ड में आने पर एड क्लियरेंस आप्शन का उपयोग करना होगा। जिससे अपने यूनिट/व्यवसाय हेतु आवश्यक सर्विसेस का चयन कर डैशबोर्ड में एड कर सकते है। सर्विस डैशबोर्ड में एड होने के पश्चात न्यू एप्लीकेशन पर क्लिक करना होगा। प्रोसीड आप्शन को क्लिक करने पर संबंधित विभाग के पोर्टल में रि-डायरेक्ट कर दिया जाता है।

**उद्योगों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम की विशेषताएं-** सिंगल विंडो सिस्टम उद्योगों के लिए बहुत सी खासियत लिए हुए हैं। जिसमें विभिन्न विभागों में उद्योगों के बार बार यूजर रजिस्ट्रेशन को समाप्त किया गया है। एक ही लॉगिन से उद्योग समस्त सुविधाओं को प्राप्त कर, उनकी स्थिति देख एवं जारी अनुमति/लाइसेन्स देख सकते हैं। सेंट्रलाइज्ड डॉक्यूमेंट रिपोजिटरी के तहत दस्तावेजों का एक जगह संधारण किया जाता है। उद्यम आकांक्षा में दर्ज जानकारी विभिन्न आवेदन फॉर्म में प्री-पापुलेट की प्रक्रिया कर डुप्लीकेट एंट्री को समाप्त किया गया है। फीस कलेक्शन हेतु राज्य शासन के ई-चालान सिस्टम से इन्टीग्रेट किया गया है। नो योर क्लियरेंस हेतु सुविधा जनक माड्यूल का निर्माण किया गया है।

**सिंगल विंडो से जुड़े हुये विभाग-** सिंगल विंडो सिस्टम से शासन के 16 विभाग जुड़े हुए हैं। जिनमें इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना विभाग, बॉयलर निरीक्षणालय, आयुक्त, सहकारिता एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम, छत्तीसगढ़ सरकार जल संसाधन विभाग, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, छत्तीसगढ़ अग्नि एवं आपातकालीन सेवाएं, नगर एवं ग्राम नियोजन, नियंत्रक विधिक माप विज्ञान छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ श्रम विभाग, भू-अभिलेख छत्तीसगढ़, छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, मुख्य विद्युत निरीक्षणालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, वाणिज्य कर (आबकारी) विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग जुड़े हुए हैं।

## मेला जाने निकली महिला से गैंग रेप, एक नाबालिग सहित 7 आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़**



दिनांक 20 अगस्त 2024 को पीड़िता उम्र 27 वर्ष थाना पुसौर आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि दिनांक 19/08/24 को मेला जाने निकली थी तो रास्ते में उसके साथ आस पास के गाँव के कुछ लड़कों ने बलात्कार किये। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल अपराध 195/24 धारा 90(1), 140(3), 351(3) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पीड़िता के बयान एवं आरोपी से पूछताछ के आधार पर अबतक की विवेचना में 8 आरोपी की पहचान किया गया जिसमे से 1 नाबालिग एवं 6 बालिग कुल 7 आरोपी को गिरफ़्तार कर दिनांक 21/8/24 को माननीय न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय द्वारा नाबालिग को बाल सम्प्रेषण गृह एवं अन्य सभी आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। पीड़िता का मेडिकल मुलाहिज़ा करवाया गया। पीड़िता का स्वास्थ्य सामान्य है। मामले में अग्रिम विवेचना जारी है।

## पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में अधेड़ व्यक्ति के हत्या का मामला, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**रायगढ़**



थाना पूंजीपथरा क्षेत्र के जेओन प्लांट कर्मी की हत्या का मामला प्रकाश में आया है। मृतक, जयसिंह मेश्राम (उम्र 58 वर्ष), निवासी आमगांव, थाना पेंड्रा, जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही, छत्तीसगढ़, जो पिछले एक वर्ष से जेओन प्लांट में फर्नीस हेल्फर के पद पर कार्यरत था, की हत्या के आरोप में उनके साथी बिलीयम भगत (55 वर्ष) को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

घटना 19 अगस्त 2024 की है, जब जयसिंह मेश्राम और बिलीयम भगत शाम 4 बजे तुमीडीह बाजार से लौट रहे थे। बाजार से वापस आते समय, जयसिंह ने बिलीयम भगत का मोबाइल फोन मांगा, जिसे वापस मांगने पर जयसिंह ने देने से इनकार कर दिया। इस बात को लेकर दोनों के बीच वाद-विवाद हुआ।

रात लगभग 8 बजे, बिलीयम भगत ने जयसिंह के कमरे में जाकर फिर से मोबाइल फोन मांगा, जिस पर दोनों के बीच मारपीट हो गई। इस दौरान, बिलीयम भगत ने उत्तेजित होकर पास में रखे टंगिया से जयसिंह के सिर, कान और कलाई पर वार किया, जिससे गंभीर चोटें आईं। अन्य कर्मचारियों ने जयसिंह को तत्काल शासकीय अस्पताल रायगढ़ पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

इस घटना की सूचना मिलते ही, थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा अपने स्टाफ के साथ तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी बिलीयम भगत को हिरासत में लिया। थाना पूंजीपथरा में मर्ग जांच पर आज हत्या का अपराध (198/2024) धारा 103(1) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज कर आरोपी बिलीयम भगत पिता पिलू भगत उम्र 55 वर्ष, कमलपुर थाना जाडी, जिला गुमला झारखंड हाल जेओन प्लांट लेबर कालोनी पूंजीपथरा को गिरफ्तार किया गया जिसे न्यायालय पेश कर न्यायिक अभिरक्षा प्राप्त कर जेल दाखिल किया गया है। एसपी दिव्यांग पटेल के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी आकाश मरकाम व डीएसपी अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर पुलिस मामले की विस्तृत जांच कर रही है। संपूर्ण कार्रवाई में टीआई राकेश मिश्रा, एएसआई जयराम सिदार, सरस्वती महापात्रे व हमराह स्टाफ शामिल थे।

## 25 अगस्त से 8 सितम्बर तक चलेगा नेत्रदान पखवाड़ा

**रायगढ़**



रायगढ़ सहित समस्त विकासखण्डों में आगामी 25 अगस्त से नेत्रदान पखवाड़ा का आयोजन होने जा रहा है, जो 8 सितम्बर तक चलेगा। सीएमएचओ डॉ.चंद्रवंशी ने इस संबंध में जिले के समस्त नेत्र सर्जन, खण्ड चिकित्सा अधिकारी, नेत्र सहायक अधिकारी एवं समस्त कार्यालयीन स्टाफ को जन चेतना जागृत करने एवं मरणोपरान्त नेत्रदान करने हेतु छोटे-छोटे समूह में जानकारी देने, रैली निकालकर प्रचार-प्रसार करने निर्देशित किया।

बैठक में उपस्थित डॉ.श्रीमती मीना पटेल नोडल अधिकारी अंधत्व द्वारा नेत्रदान के संबंध में बताया गया कि राष्ट्रीय स्तर एवं राज्य में दृष्टिहीनों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है उसके एवज नेत्रदान की संख्या बहुत कम है। अंधत्व के बारे में बताया कि कार्निया में किसी भी प्रकार के चोट लगने से सफेदी हो जाती है जिसका उपचार कार्नियल ट्रासप्लांट कर दृष्टि वापस लायी जा सकती है तथा मृत्यु पश्चात ही नेत्रदान की जाती है। नेत्रदान से किसी दृष्टिहीन व्यक्ति के जीवन में नई रोशनी आ सकती है। नेत्रदान करने वालों की आयु 05 वर्ष से 60 वर्ष के आयु वर्ग के व्यक्ति की आंखे दान के लिये उपयुक्त मानी जाती है। लेकिन रैबिज, टीटनेश, हेपेटाईटिस, सर्प दंश, जहर सेवन, जलने से या डूबने से हुई मृत्यु में नेत्रदान के लिये उपयुक्त नहीं माना जाता है। नेत्रदान करने के लिये औपचारिकताओं की आवश्यकता नहीं है, मृत व्यक्ति के परिजनों या उत्तराधिकारी के अनुमति पर नेत्र निकालने की प्रक्रिया की जाती है। नेत्रदान की प्रक्रिया मृत्यु होने के 06 घण्टे के अंदर पूरी कर ली जानी चाहिए इसके लिये जितनी जल्दी हो सके परिजनों या उत्तराधिकारी को इसकी सूचना चिकित्सकीय टीम को दी जानी चाहिए।

राजेश आचार्या सहायक नोडल अधिकारी ने बताया कि नेत्रदान करने हेतु आमजन में दृष्टि रथ के माध्यम से नेत्रदान करने हेतु प्रचार प्रसार किये जाने पर बल दिया। उन्होने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को नेत्रदान अवश्य करना चाहिए ताकि अंधत्व से पीड़ित व्यक्ति को इसका लाभ त्वरित मिल सके। उन्होंने कहा की नेत्रदान को भारतीय संस्कृति में महादान की संज्ञा दी गई है। वरिष्ठ नेत्र सहायक अधिकारी, अर्जुन बेहरा द्वारा बताया गया कि जिला अंधत्व निवारण समिति एवं देवकी रामधारी फाउण्डेशन के सहयोग से रायगढ़ जिले में अब तक कुल 29 व्यक्तियों द्वारा नेत्रदान किया गया है, नेत्रदान हेतु मनुष्य के कार्निया का स्वस्थ्य होना अति आवश्यक है।

## पीएमजनमन के तहत शत-प्रतिशत सेचुरेशन पूर्ण करें- कलेक्टर गोयल

- पीवीटीजी बाहुल्य गांवों में 23 अगस्त से 10 सितंबर तक लगेंगे विशेष शिविर

**रायगढ़**



कलेक्टर रायगढ़ कार्तिकेया गोयल ने प्रधानमंत्री जनजाति न्याय महाअभियान अर्थात पीएमजनमन अंतर्गत जिले के 25 पीव्हीटीजी गांवों में शत-प्रतिशत सेचुरेशन पूर्ण करने के निर्देश दिये। गोयल ने कहा कि जिले के 04 विकास खंडों के 25 पीव्हीटीजी बाहुल्य गांवों में आगामी 23 अगस्त 2024 से 10 सितम्बर 2024 के मध्य विशेष शिविर आयोजित किये जाने हैं। इन शिविरों में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, जनधन खाता, जाति प्रमाण-पत्र, पीएम मातृवंदना योजना, बीमा योजना आदि सेवाओं का शत-प्रतिशत सेचुरेशन किया जाए। गोयल ने यह भी कहा कि समस्त संबंधित विभाग आयोजित होने जा रहे शिविरों की पूर्ण तैयारी करें तथा इसकी समुचित कार्ययोजना बनाकर पीएमजनमन अंतर्गत सम्मिलित विभिन्न सेवाओं तथा सुविधाओं से लोगों को लाभन्वित करें। उल्लेखनीय है कि जिले के 25 पीव्हीटीजी बसाहटों में बिरहोर समुदाय के 327 परिवार के 1151 लोग निवासरत हैं।

## ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना ही आजीविका मिशन का उद्देश्य-सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव

- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हुई समीक्षा बैठक

**रायगढ़**




सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिले के सभी 7 ब्लॉक के मैदानी अमले बीपीएम, एसी, डीईओ एवं एडीईओ उपस्थित रहे।

सीईओ यादव ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन का उद्देश्य गरीब ग्रामीण लोगों को सतत आजीविका संवर्द्धन और बेहतर वित्तीय सेवाओं के माध्यम से सक्षम प्लेटफार्म प्रदान करना है ताकि उनकी घरेलू आय को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों को निचले स्तर तक पहुंचाना तथा ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के रूप में आत्म निर्भर बनाना है। बैठक में पहले तिमाही के सभी घटकों के प्रगति की समीक्षा की गई जिसमें मुख्य रूप से 25 अगस्त 2024 के प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम हेतु चक्रीय निधि, सामूहिक निवेश निधि, बैक से क्रेडिट लिंकेज, डिजिटल आजीविका रजिस्टर एंट्री एवं लखपति दीदी प्रमाणीकरण करने हेतु निर्देशित किया गया है। इस दौरान बिहान के अन्य घटकों की भी गहन समीक्षा की गई। जिसमें पीएलडी कार्ययोजना पर समीक्षा, आंतरिक अंकेक्षण, लोकश प्रोफाईल एन्ट्री, परिवारों का समावेशन, सीएलएफ पंजीयन, बीमा प्रगति पर गहन समीक्षा की गई है। उक्त बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं जिला पंचायत के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

जागरुकता कार्यक्रम

## महिला रक्षा टीम ने छात्र-छात्राओं को गुड टच-बैड टच, महिला अपराध, सुरक्षित यातायात और मोबाइल के दुष्प्रभावों पर दी विशेष जानकारी

**रायगढ़**



पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन में कल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पटेलपाली में एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक मंजु मिश्रा ने छात्रों को "गुड टच-बैड टच" की अवधारणा को डेमो देकर समझाया गया, जिससे वे अपने व्यक्तिगत सुरक्षा अधिकारों को समझ सकें। इसके साथ ही, महिला संबंधी अपराधों के बारे में जागरूकता बढ़ाने जानकारी दिया गया। बच्चों को यह भी बताया गया कि किस प्रकार सुरक्षित यातायात नियमों का पालन कर वे सड़क पर सुरक्षित रह सकते हैं।

इस कार्यक्रम में मोबाइल फोन के बढ़ते दुष्प्रभावों पर भी चर्चा की गई, जिसमें विशेष रूप से इस बात पर जोर दिया गया कि किस प्रकार मोबाइल का अत्यधिक और अनुचित उपयोग उनकी शारीरिक और मानसिक सेहत पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। एएसआई मंजु मिश्रा ने कार्यक्रम में बच्चों के साथ बातचीत कर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया और पुलिस सहायता के लिए डॉयल 112 की जानकारी दी गई। डीएसपी अनामिका जैन के मार्गदर्शन में इस प्रकार जागरूकता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है, जिसके तहत स्कूल, कॉलेज और छात्रावासों में महिलाओं और बच्चों को विभिन्न अपराधों के प्रति सतर्क किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम में सहायक उप निरीक्षक मंजु मिश्रा, महिला प्रधान आरक्षक मालती कंवर और महिला आरक्षक प्रीति यादव ने प्रमुख भूमिका निभाई।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480